## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही सरकार : सैनी

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंचायत के स्वामित्व वाली भूमियों पर भी प्राकृतिक व जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए अगले वर्ष में एक नीति बनाई जाएगी। कृषि विभाग के स्वामित्व वाली लगभग 800 एकड़ भूमि केवल उन्हीं किसानों को पट्टे पर दी जाएगी, जो कम से कम अगले 10 वर्ष तक उसमें प्राकृतिक व जैविक खेती करेंगे। मुख्यमंत्री रविवारको कुरुक्षेत्र में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा एवं क्लस्टर गठन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित कृषि कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत व कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवकों ने लिया राष्ट्र सेवा का संकल्प



**पंचकूला।** सार्थक स्कूल सेक्टर-12ए में आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि एनएसएस युवाओं में सेवा, संस्कार और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि हरियाणा विद्यालय स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक एनएसएस शिविर आयोजित करने वाला अग्रणी राज्य है। जिला शिक्षा अधिकारी संध्या चिकारा ने स्वयंसेवकों से शिविर में सीखे मूल्यों को समाज में अपनाने का आह्वान किया। सात दिनों तक चली विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। समारोह में 200 स्वयंसेवकों ने समाज और राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया।

### शिशु मृत्यु दर में 40% से अधिक की आई कमी

**चंडीगढ़।** सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम रिपोर्ट 2024 के अनुसार, हरियाणा ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। पिछले एक दशक में राज्य की शिशु मृत्यु दर प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर 41 से घटकर 24 हो गई है, जो कि 40% से अधिक की गिरावट को दर्शाता है। स्वास्थ्य विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि राज्य ने लक्षित नीतिगत हस्तक्षेपों और विशेष स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य परिणामों में लगातार सुधार किया है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में हरियाणा की आईएमआर 28 से घटकर 24 हो गई है, जो लगभग 14 प्रतिशत की कमी को दर्शाती है। ये नवीनतम आंकड़े हरियाणा को राष्ट्रीय औसत के समकक्ष लाते हैं और पूरे राज्य में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे, नवजात शिशु देखभाल सेवाओं और मातृ स्वास्थ्य हस्तक्षेपों में निरंतर निवेश के सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित करते हैं। प्रवक्ता ने आगे कहा कि राज्य की प्रगति मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के चल रहे प्रयासों की प्रभावशीलता को साबित करती है।

# भाईचारा तोड़ने वालों को उन्हीं का समाज सिखाए सबक : कैप्टन अभिमन्यु

## ■ पलवल की जाट धर्मशाला में भाईचारा स्नेह मिलन समारोह में पहुंचे पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु

बिजेन्द्र शर्मा ▶▶ फरीदाबाद





पलवल की जाट धर्मशाला में आयोजित भाईचारा स्नेह मिलन समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि कुछ लोगों को सत्ता जाने की तकलीफ थी, इसलिए उन्होंने वर्ष 2016 में हरियाणा को जलाने का काम किया। सत्ता से बेदखल होने के बाद उन्होंने युवाओं को भड़काकर समाज को तोड़ने का प्रयास किया। उस दौर के असली गुनहगार युवा नहीं, बल्कि वे लोग हैं जिन्होंने उन्हें भड़काया। उन्होंने युवाओं और समाज से आह्वान किया कि अतीत से सीख लें और ऐसी गलती दोबारा न दोहराएं, जिससे युवाओं का भविष्य खराब हो।

■ अतीत से सीख लेकर युवा जात-पात के चक्कर में न पड़ने का लें संकल्प

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि समाज को युवाओं की बात समझनी चाहिए और उनके सुनहरे भविष्य के लिए यह संकल्प लेना चाहिए कि वे कभी जात-पात के चक्कर में नहीं पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि वह भाईचारे का संदेश लेकर निकले हैं और उनका प्रस्ताव है कि यदि कोई व्यक्ति किसी भी समाज को तोड़ने वाली बात करता है, जात-पात को लेकर टिप्पणी करता है या द्वेष फैलाने का प्रयास करता है तो उसी समाज को उसे सबक सिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को एक-दूसरे का सहारा लेने का अधिकार है, लेकिन लोगों को आपस में लड़वाना पाप है और इसकी निंदा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह सच्चाई के लिए किसी भी लड़ाई को लड़ने के लिए तैयार हैं। समारोह में हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन हरेन्द्र तेवतियाने किया। दीपक डागर, अजीत रावत और संदीप रावत ने आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोग दिया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कुण्डू पाल की ओर से भेंट की गई 31 हजार रुपये की माला जाट धर्मशाला को सहायतार्थ सौंप दी। अभी तक प्रदेश के सात जिलों में स्नेह मिलन समारोहों का सफल आयोजन हो चुका है

### सर्व समाज ने किया जोरदार स्वागत

ब्रज भूमि पलवल में आयोजित इस भाईचारा स्नेह मिलन समारोह का आयोजन सर्व समाज भाईचारा की ओर से किया गया। समारोह के संयोजक अजीत तेवतिया, संदीप तेवतिया और दीपक डागर रहे। समारोह में पहुंचने पर कैप्टन अभिमन्यु का सर्व समाज की ओर से पगड़ी पहनाकर, स्मृति चिह्न भेंट कर तथा फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर पलवल, गुरुग्राम, नूंह और फरीदाबाद के 52 पालों के प्रधान, विभिन्न खाप पंचायतों के प्रतिनिधि, बंजारा समाज, संत रविदास ट्रस्ट, जाट धर्मशाला कार्यकारिणी सहित समाज के हर वर्ग के प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया।

### पलवल भाईचारे की मिसाल

कैप्टन अभिमन्यु ने अपने संबोधन में राजा नाहर सिंह, राजा सूरजमल और महारानी किशोरी सहित क्षेत्र की महान हस्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पलवल हमेशा भाईचारे और सद्भाव की मिसाल रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का युवा शिक्षा, खेल, सेना और प्रतियोगी परीक्षाओं सहित हर क्षेत्र में देशभर में परचम लहरा रहा है। किसान अपना पसीना बहाकर देश का पेट भरता है और उसी किसान का बेटा देश की सीमाओं की रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोग भले ही सरल स्वभाव के हों, लेकिन उनकी ईमानदारी और मेहनत पर कोई सवाल नहीं उठा सकता।

### कुछ नेता समाज बांटने में लगे हैं, उनसे सावधान रहें

पूर्व वित्तमंत्री ने कहा कि कुछ नेता अपनी कमियां छिपाने और निजी हित साधने के लिए समाज को बांटने तथा भाईचारा तोड़ने में लगे हैं। जात-पात का सहारा कमजोर नेता लेते हैं। सकारात्मक सहयोग मांगने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन जात-पात के नाम पर लोगों को आपस में लड़वाना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि जातीय आधार पर नफरत फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति का विरोध होना चाहिए, चाहे वह किसी भी समाज से जुड़ा हो। हथीन विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक प्रवीण डागर भी कैप्टन अभिमन्यु की मुहिम में कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलते नजर आए। उन्होंने कहा कि कैप्टन अभिमन्यु जिस परिवार से संबंध रखते है उस परिवार का समाज पर बहुत बड़ा ऋण है

### भाईचारा बढ़ाने के अभियान में हम साथ हैं : गौरव गौतम

खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि कैप्टन अभिमन्यु जिस उद्देश्य के साथ भाईचारा और सामाजिक सद्भाव का संदेश लेकर निकले हैं, उसमें वे हमेशा उनके साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि पलवल में 36 बिरादरियों का एक मंच पर एकत्रित होना सामाजिक एकता का मजबूत संदेश है। कार्यक्रम में दीपक मंगला, कुलबीर डागर, अजीत तेवतिया, संदीप तेवतिया, दीपक डागर, अरुण जैलदार, ज्ञान सिंह चौहान, बिजेंद्र सिंह तेवतिया, वीरेंद्र सिंधू, सुमेर सिंह रावल, रामप्रसाद, रवि बंजारा, शमशेर मोर, वरण सिंह तेवतिया, सुरेंद्र आर्य, समुद्र लाठर, लेखराज सहरावत, प्रताप कुंडू, सुखबीर फौजी, साध्वी मंजू भारद्वाज सहित विभिन्न खापों, पालों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## हरियाणा के मुख्यमंत्री ने पंजाब के धूरी में जनसभा को संबोधित किया

# चुटकुलों से नहीं चलती सरकार, पंजाब की जनता बदलाव के लिए तैयार : नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़





हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के धूरी में जनसभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री को चुटकुलों के अलावा कुछ नहीं आता। चुटकुलों से सिनेमा हॉल तो चल सकते हैं, लेकिन सरकार नहीं चल सकती। यही कारण है कि पंजाब की जनता अब झूठे वादों और खोखले आश्वासनों की राजनीति से ऊब चुकी है और विकास, सुशासन तथा पारदर्शी प्रशासन की नई राह चुनने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धूरी की जनता का उत्साह इस बात का संकेत है कि पंजाब में राजनीतिक परिवर्तन की मजबूत लहर चल रही है। उन्होंने आम आदमी पार्टी के नेताओं को क्रांतिकारी नहीं, बल्कि ₹भ्रांतिकारी₹ बताते हुए कहा कि वे अपनी कमियों को छिपाने के लिए जनता को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धूरी मुख्यमंत्री का विधानसभा क्षेत्र है, लेकिन वे धूरी ही नहीं, पूरे पंजाब से दूरी बनाकर बैठे हैं। नायब सैनी ने कहा कि पंजाब कभी विकास के मामले में अग्रणी राज्यों में गिना जाता था, लेकिन राजनीतिक स्वार्थों ने उसे पिछड़ेपन की ओर धकेल दिया। मुख्यमंत्री ने किसानों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पंजाब के किसानों ने 2022 में आम आदमी पार्टी पर भरोसा किया था, लेकिन उन्हें सभी फसलों पर एमएसपी और फसल नुकसान का उचित मुआवजा नहीं मिला। इसके विपरीत हरियाणा सरकार सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद कर रही है।

■ 'आप' के झूठे वादों से ऊब चुकी है पंजाब की जनता, डबल इंजन सरकार बनाने का किया आह्वान

### गुरु अमर दास का जीवन त्याग व सेवा का प्रतीक

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सिखों के तृतीय गुरु गुरु अमर दास का जीवन त्याग, सेवा, समर्पण, समानता और मानवता का अद्वितीय प्रतीक है। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को भाईचारे, सामाजिक समरसता और मानव कल्याण का मार्ग दिखा रही हैं। मुख्यमंत्री रविवार को लुधियाना में गुरु अमर दास जी के प्रकाश पर्व पर आयोजित 9वें विशाल कीर्तन समागम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंधन के लिए 5 लाख रुपये की सेवा राशि देने तथा भविष्य में विकास कार्यों के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। सैनी ने कहा कि



गुरु अमर दास जी ने जात-पात, ऊंच-नीच और भेदभाव जैसी कुरीतियों का विरोध करते हुए "पहले पंगत, पीछे संगत" का संदेश दिया, जो सामाजिक समानता की मिसाल है।

### केंद्रीय गृहमंत्री शाह से मिलीं डॉ. अर्चना गुप्ता



**नई दिल्ली।** हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने रविवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विभिन्न जनहित एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्र निर्माण में विधानमंडलों की भूमिका पर मंथन करेगा सीपीए का नॉर्थ जोन सम्मेलन

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के तत्वावधान में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) इंडिया रीजन जोन-2 का सम्मेलन 8 से 10 जून तक चंडीगढ़ में आयोजित होगा। सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। इस अवसर पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण सहित 15 विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी, उप-पीठासीन अधिकारी और विधायक भाग लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने बताया कि सम्मेलन के दौरान लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका, विधायी प्रक्रियाओं को सशक्त बनाने तथा विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को लेकर व्यापक विचार-विमर्श होगा। उद्घाटन सत्र में हरियाणा के इतिहास पर आधारित विशेष डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की जाएगी।



■ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज उद्घाटन करेंगे, विस स्पीकर भी मौजूद रहेंगे

### गैस के दाम बढ़ाकर भाजपा ने जनता पर फिर बोझ डाला : हुड्डा



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में हुई बढ़ोतरी को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार गैस के दाम बढ़ाकर जनता की जेब पर डाका डाल रही है। पहले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 42 रुपये की बढ़ोतरी की गई और अब घरेलू गैस सिलेंडर 29 रुपये महंगा कर दिया गया है। यह आम जनता के जले पर नमक छिड़कने जैसा है। हुड्डा ने कहा कि पिछले तीन महीनों में घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 89 रुपये तक बढ़ चुके हैं। वहीं कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में भी लगातार वृद्धि हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि डीजल, पेट्रोल, सीएनजी और छोटे गैस सिलेंडरों के दाम बढ़ाकर भी जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आ रही है, लेकिन इसके बावजूद सरकार पेट्रोलियम पदार्थों दाम बढ़ाकर लोगों पर बोझ डाल रही है।

### परीक्षाओं में गड़बड़ियों पर कार्रवाई करे सरकार : गुप्ता



**चंडीगढ़।** देश की प्रमुख परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं, पेपर लीक और बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में जंतर-मंतर पर हजारों युवाओं, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी ने आंदोलन का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार पर युवाओं की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि सरकार की युवाओं के प्रति बेरुखी के कारण देश का नौजवान अपने अधिकारों और भविष्य की सुरक्षा के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि युवाओं में बढ़ता आक्रोश व्यवस्था के प्रति असंतोष को दर्शाता है और सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।डॉ. गुप्ता ने नीट और अन्य परीक्षाओं से जुड़ी खामियों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब देश की सबसे बड़ी परीक्षाएं और उन्हें संचालित करने वाली संस्थाएं लगातार सवालों के घेरे में हैं।

### कॉकरोच जनता पार्टी पर विज का तंज, नाम बदलने की सलाह



**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने सोशल मीडिया पर की गई अपनी टिप्पणी का जिक्र करते हुए कहा कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति को संघर्ष करने और अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन कुछ नाम ऐसे होते हैं जिन पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कॉकरोच जनता पार्टी के पदाधिकारियों को सलाह देते हुए कहा कि संघर्ष जरूर करें, लेकिन पार्टी का नाम बदल लें। विज ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखी अपनी पोस्ट का हवाला देते हुए कहा कि कॉकरोच एक गंदे कीट का नाम है, जिसे छोटा बच्चा भी देखकर चप्पल से कुचल देता है। संघर्ष करना लोकतंत्र में सबका अधिकार है, लेकिन नाम बदल लेना चाहिए। मीडिया से बातचीत में अनिल विज ने नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के विधानसभा सत्र को लेकर दिए गए बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जब विधानसभा सत्र आयोजित होते हैं तो कांग्रेस के नेता चर्चा से बचते हैं और सरकार के मंत्री जब जवाब देते है तो वह भाग जाते है।

### सर्व समाज ओबीसी रैली की तैयारियां तेज

**चंडीगढ़।** पंजाब अबोहर (फाजिल्का) में 13 जून को होने वाली भाजपा की 'सर्व समाज ओबीसी रैली' की तैयारियां तेज हो गई हैं, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी शिरकत करेंगे। इस विशाल राज्य-स्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पार्टी के दिग्गज नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है। हरियाणा के मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने अबोहर पहुंचकर रैली की तैयारियों की समीक्षा की है। उन्होंने स्थानीय नेताओं और नवनिर्वाचित पार्षदों के साथ बैठक कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा।दिग्गज नेताओं की मौजूदगीः इस रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के अलावा पंजाब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ विशेष रूप से शामिल होंगे।

## स्टेडियम से जर्जर उपकरण हटाए जाएंगे, सुविधाएं बढ़ाने पर फोकस

# 114 करोड़ से होगा खेल मैदानों का कायाकल्प निगरानी के लिए जिला स्तरीय कमेटियां गठित

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश में खिलाड़ियों को बेहतर और सुरक्षित खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार ने खेल ढांचे के व्यापक सुधार की मुहिम शुरू की है। राज्य सरकार ने खेल नर्सरियों, स्टेडियमों और खेल परिसरों के रखरखाव व बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए 114 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। साथ ही कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और नियमित निगरानी के लिए जिला स्तर पर कमेटियों का गठन किया गया है। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सरकार खेल और खिलाड़ियों को लेकर पूरी गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी 22 जिलों में मरम्मत और रखरखाव कार्यों के लिए टेंडर जारी किए जा चुके हैं और उनकी नियमित समीक्षा भी की जा रही है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित समय सीमा में सभी खेल परिसरों को बेहतर और सुरक्षित बनाया जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व में हुई कुछ दुर्घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण रही हैं, इसलिए सरकार खेल परिसरों में सुरक्षा मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मैदानों, स्टेडियमों, पोल, गोलपोस्ट, ट्रैक और अन्य संरचनाओं की तकनीकी जांच कर आवश्यक मरम्मत, रेट्रोफिटिंग और पुनर्निर्माण कराया जाएगा। खेल मंत्री ने स्पष्ट कहा कि खेल परिसरों में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 114 करोड़ रुपये की राशि मैदानों की मेंटेनेंस व खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर खर्च की जा रही है। विभाग ने जारी सभी टेंडरों की स्थिति की समीक्षा शुरू कर दी है और प्रत्येक सप्ताह प्रगति रिपोर्ट की जांच की जा रही है।

### 21 नए अत्याधुनिक स्टेडियम भी बनेंगे : गौतम



खेल मंत्री ने बताया कि मेंटेनेंस कार्यों के साथ-साथ सरकार ने बजट 2026-27 में प्रदेश के 12 जिलों में 21 नए अत्याधुनिक स्टेडियम बनाने की घोषणा भी की है। इन स्टेडियमों के निर्माण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को बेहतर सुविधाएं और विश्वस्तरीय मंच उपलब्ध कराना है। सरकार ने प्रत्येक सरकारी स्टेडियम का वार्षिक स्ट्रक्चरल और सेफ्टी ऑडिट अनिवार्य करने का भी निर्णय लिया है। इसके तहत स्टेडियमों की संरचनात्मक मजबूती, एथलेटिक्स ट्रैक, फ्लडलाइट, खिलाड़ियों के हॉस्टल, शौचालय, ड्रेनेज सिस्टम और जिम उपकरणों की नियमित जांच की जाएगी। जहां जरूरत होगी वहां मरम्मत और पुनर्निर्माण कराया जाएगा।

### स्टेडियमों से जंग लगे पोल हटेंगे

गौरव गौतम ने कहा कि आगामी तीन महीनों में प्रदेश के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाओं से लैस सुरक्षित खेल मैदान उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। बजट का बड़ा हिस्सा बास्केटबॉल पोल, फुटबॉल गोलपोस्ट, एथलेटिक्स ट्रैक और अन्य भारी खेल अवसंरचनाओं की मजबूती जांचने तथा पुराने उपकरणों को बदलने पर खर्च किया जाएगा। विभाग ने प्रदेशभर में मेंटेनेंस कार्यों की भौतिक जांच भी शुरू कर दी है ताकि कागजी दावों और जमीनी हकीकत के बीच अंतर न रहे। जिला खेल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के स्टेडियमों में जंग लगे और असुरक्षित उपकरणों को हटाकर उनकी जगह आधुनिक एवं सुरक्षित संसाधन स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# 200 करोड़ की शामलात भूमि विवाद में पूर्व डीसी सवालों के घेरे में, जवाब-तलब

**चंडीगढ़।** पंचकूला में तैनाती के दौरान लिए गए एक विवादित भूमि संबंधी फैसले को लेकर आईएएस अधिकारी डॉ. सुशील सारवान एक बार फिर चर्चा में हैं। करीब 200 करोड़ रुपये मूल्य की शामलात भूमि के मालिकाना हक से जुड़े मामले में हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने जिला प्रशासन और नगर निगम पंचकूला से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। मामले में पूर्व उपायुक्त के आदेश की वैधता पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, शिकायत में आरोप लगाया गया है कि तत्कालीन उपायुक्त एवं कलेक्टर डॉ. सुशील सारवान ने 16 जनवरी 2024 को मैसर्स पोलो होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में एक आदेश पारित किया था। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि संबंधित भूमि के मालिकाना हक का निर्णय देने का अधिकार उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं था।

### पंचकूला का मामला : जांच की तैयारी

नगर निगम पंचकूला के आयुक्त सचिन गुप्ता ने यूएलबी विभाग को भेजी रिपोर्ट में कहा है कि सुनवाई के दौरान निगम की ओर से प्रस्तुत महत्वपूर्ण राजस्व अभिलेखों, पूर्व न्यायिक निर्णयों और स्थापित कानूनी प्रावधानों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। निगम का आरोप है कि विवादित आदेश के माध्यम से 72 बीघा भूमि का मालिकाना हक कंपनी के पक्ष में घोषित कर दिया गया। विवादित भूमि पंचकूला के प्रमुख क्षेत्र में स्थित है, जिसका बाजार मूल्य 200 करोड़ रुपये से अधिक आंका जा रहा है। पूर्व उपायुक्त के आदेश में कहा गया था कि नगर निगम यह साबित नहीं कर पाया कि भूमि का उपयोग कभी सार्वजनिक अथवा साझा प्रयोजन के लिए किया गया था। वहीं शिकायतकर्ताओं और नगर निगम का पक्ष है कि यह भूमि शामलात देह श्रेणी की सार्वजनिक संपत्ति है। मामला अब उच्च स्तर तक पहुंच चुका है। शिकायत हरियाणा सरकार के वित्तायुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव को भेजी गई थी, जिसके बाद यूएलबी विभाग ने भी पूरे प्रकरण पर रिपोर्ट मांगी है।

रोहतक
सोमवार 8 जून 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी वर्ष : 30, अंक : 124
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 43.6
न्यून. 22.7

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



5 सिर्फ खेलना ही नहीं, बल्कि 10 से 20 साल तक दबदबा बनाए रखना है: वैभव




## खबर संक्षेप

### दिल्ली प्राणी उद्यान का एप शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने यहां राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में एक मोबाइल एप की शुरुआत की। उन्होंने आगंतुकों को खुद से टिकट खरीदने की सुविधा प्रदान करने वाले कियोस्क का भी उद्घाटन किया। दोनों पहल का उद्देश्य प्राणी उद्यान में आने वाले आगंतुकों की सुविधा बढ़ाना और डिजिटल सेवाओं का विस्तार करना है। प्राणी उद्यान के दौरे के दौरान सिंह ने 'एनजेडपी साथी ऐप' की शुरुआत की है। भाषा

### इंस्टाग्राम प्लस चलाने के लिए अब देने होंगे पैसे?

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया क्षेत्र की दिग्गज कंपनी मेटा ने इंस्टाग्राम यूजर्स के लिए एक नई सशुल्क सेवा इंस्टाग्राम प्लस लॉन्च की है। भारत में इसकी कीमत 299 रुपए प्रति माह तय की गई है। हालांकि, इंस्टाग्राम का मुफ्त वर्जन पहले की तरह ही चलता रहेगा। इस सब्सक्रिप्शन के तहत यूजर्स को कई खास सुविधाएं मिलेंगी। प्लस यूजर्स की स्टोरी 48 घंटे तक दिखेगी। साथ ही, वे हर हफ्ते एक स्टोरी को विशेष रूप से हाइलाइट कर ज्यादा लोगों तक पहुंचा सकेंगे।

### पुणे में नाबालिगों सहित 156 हिरासत में लिए

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में पुलिस ने एक पार्टी में छापामारी कर नाबालिगों सहित 156 लोगों को हिरासत में लिया, साथ ही 85 लाख का गांजा और गैर-कानूनी हुक्का फ्लेवर भी जब्त किया। क्राइम ब्रांच ने रविवार तड़के लोनीकंद पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आ ने वाले तुलापुर इलाके में अनधिकृत पार्टी पर छापामारी की। एजेंसी



### दिल्ली की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी के मकान में आग, 7 बचाए

**नई दिल्ली।** दिल्ली की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में रविवार को एक मकान में आग लगने की घटना में पांच बच्चों और दो महिलाओं समेत सात लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, अपराह्न 3:39 बजे मकान में आग लगने की सूचना मिलने पर दक्षिण-पूर्वी दिल्ली स्थित घटनास्थल पर पानी का टैंकर, एक त्वरित प्रतिक्रिया वाहन और ज्यादा क्षमता वाली दमकल भेजी गई। आग लगने की इस घटना में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है। एजेंसी

### श्रीराम कृष्णन ने दे दिया इस्तीफा!

**नई दिल्ली।** व्हाइट हाउस में एआई नीति के प्रमुख सलाहकार रहे भारतीय मूल के श्रीराम कृष्णन जून के अंत में अपना पद छोड़ देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकाल में एआई रणनीति तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले कृष्णन ने खुद सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की जानकारी दी। एजेंसी



### 661 करोड़ के घोटाले में आईएएस पर सीबीआई का शिकंजा

# सप्लीमेंट्री चार्जशीट से पहले ताबड़तोड़ छापे

**सबूत जुटाने की कवायद, हरियाणा, चंडीगढ़ दिल्ली-एनसीआर में कई ठिकाने खंगाले**

**वरिष्ठ अधिकारियों और निजी कंसल्टेंसी फर्म से जुड़े परिसरों की ली तलाशी, कई दस्तावेज बरामद**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने हरियाणा सरकार और चंडीगढ़ प्रशासन के विभिन्न विभागों के करीब 661 करोड़ रुपये के घोटाले से जुड़े मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर करने से पहले चंडीगढ़, पंचकूला और दिल्ली-एनसीआर में ताबड़तोड़ छापेमारी की है। कार्रवाई के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और संपत्ति संबंधी रिकॉर्ड बरामद किए हैं। सीबीआई का कहना है कि इस छापेमारी का मकसद अधिकारियों के खिलाफ सबूत जुटाना है। ताकि सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर करने में परेशानी न हो। सीबीआई ने शनिवार देर रात हरियाणा कैडर के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से जुड़े परिसरों और नोएडा स्थित निजी कंपनी मैसर्स विपम कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशक से संबंधित ठिकानों की तलाशी ली। यह कार्रवाई सरकार के आठ विभागों और चंडीगढ़ प्रशासन के दो विभागों नगर निगम चंडीगढ़, चंडीगढ़ सीआरईएसटीके धन के कथित दुरुपयोग की जांच का हिस्सा है।

#### जब्त दस्तावेजों की हो रही जांच

छापेमारी के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के आवासों और निजी कंसल्टेंसी फर्म से जुड़े परिसरों की जांच की गई। जांच एजेंसी ने आपत्तिजनक दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, संपत्ति संबंधी अभिलेख और अन्य महत्वपूर्ण सामग्री जब्त की, जिनकी जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।



#### कंसल्टेंसी कंपनी तक पहुंचा धन

इस अपराध से प्राप्त धन का एक हिस्सा मैसर्स विपम कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के खातों तक पहुंचा। आरोप है कि वहां से धनराशि कंपनी के निदेशक के निजी खाते में स्थानांतरित की गई।

#### तीन मामले चल रहे

सीबीआई ने मामला हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से अपने हाथ में लिया है, जबकि दो मामले पहले चंडीगढ़ के आर्थिक अपराध थाना में दर्ज किए गए थे। इन मामलों में आपराधिक साजिश, सरकारी धन के गबन और अन्य वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच की जा रही है।

#### अधिकारी व बैंक कर्मचारी घेरे में

यह मामला आईडीएफसी-एयू फाइनेंस बैंक से जुड़ा है। जांच में अब तक जुटाए गए साक्ष्यों से संकेत मिले हैं कि कुछ सरकारी अधिकारियों ने बैंक अधिकारियों के साथ मिलकर खातों के खुलवाने, सरकारी धन के हस्तांतरण और उसके बाद धन को दूसरी जगह भेजने में भूमिका निभाई। यह भी जांच की जा रही है कि अधिकारियों को लेन-देन के लिए क्या कदम उठाए गए थे।

#### एक चार्जशीट पहले ही दाखिल

जांच के शुरुआती चरण को पूरा करने के बाद पंचकूला स्थित विशेष सीबीआई अदालत में पहली चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। चार्जशीट में हरियाणा पावर जनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीजीसीएल) और हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद (एचएसएसपीपी) से जुड़े कुछ अधिकारियों की कथित भूमिका का उल्लेख किया गया है।

#### 661 करोड़ के दुरुपयोग का आरोप

जांच के अनुसार, कथित घोटाले से हरियाणा सरकार के आठ विभाग और चंडीगढ़ प्रशासन के दो विभाग प्रभावित हुए हैं। मामले में लगभग 661 करोड़ के सरकारी धन के कथित दुरुपयोग और गबन की जांच की जा रही है।

#### इनके खिलाफ कार्रवाई

सीबीआई ने हरियाणा कैडर के आईएएस पंकज अग्रवाल, मोहम्मद शाइन, प्रदीप कुमार और आईएफएस नवनीत कुमार श्रीवास्तव के आवास पर छापेमारी की है। सरकार पहले ही आरके सिंह और प्रदीप को निलंबित कर चुकी है।

# हिसार के नागरिक अस्पताल में महिला के शव को चूहों ने कुतरा

**हांसी में परिजनों ने जाम लगाया, वाहनों के शीशे तोड़े**

**प्रदर्शनकारियों और वाहन चालकों के बीच कहासुनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार/हांसी

जिले के नागरिक अस्पताल में रविवार को एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखे महिला के शव को चूहों ने कुतर दिया। रविवार सुबह जब परिजन मॉर्च्युरी पहुंचे, वहां उन्हें चूहे घूमते दिखाई दिए और फ्रीजर में महिला के शव के माथे पर एक बड़ा कट भी दिखाई दिया। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। परिजनों का कहना है कि महिला के चेहरे पर कोई चोट नहीं लगी थी, लेकिन अब माथे की स्किन गायब है। शव के पास चूहा कुछ खा रहा था। बताया जा रहा है कि हांसी की महिला को शनिवार को गंभीर हालत में हिसार रेफर किया गया था, मगर अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद शव को सिविल अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया था जहां रविवार को पोस्टमॉर्टम होना था।

**डिलीवरी के बाद हुई थी महिला की मौत**



महिला के परिजन हांसी में जाम लगाते हुए।

#### हांसी में लगाया जाम

महिला के परिजनों ने हांसी की तोशाम चुंगी पर एम्बुलेंस खड़ी कर सड़क पर जाम लगा दिया। प्रदर्शन में किन्नर समाज के लोग भी शामिल हो गए। हंगामे के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने ईंट मारकर दो वाहनों के शीशे तोड़ दिए, जिससे वाहन चालकों और प्रदर्शनकारियों के बीच कहासुनी भी हुई। डीएसपी विनोद शंकर, शहर थाना प्रभारी सुखजीत सिंह और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने जाम खुलवाया। इस दौरान हंगामा कर रहे तीन लोगों को हिरासत में भी लिया। हालांकि, बाद में उन्हें छोड़ दिया।

#### यह था मामला

हांसी के सरकारी अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद महिला की तबीयत बिगड़ गई। गंभीर हालत में उसे हिसार रेफर किया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को हिसार के सिविल अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया गया। परिजनों का आरोप है कि वहां चूहों ने महिला के माथे की खाल कुतर दी।



# धनकुबेर इंजीनियर

## 5 बंगले, 13 प्लॉट और 2 करोड़ कैश मिला

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा में सतर्कता विभाग ने असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर बैकुंठ नाथ बेहरा के 9 ठिकानों पर छापामारी कर करोड़ों की संपत्ति बरामद की है। इस संपत्ति में 5 बहुमंजिला बंगले, 13 प्लॉट, सोने के गहने और बैंक लॉकर्स से 2.4 करोड़ रुपये कैश मिले हैं। बता दें कि बेहरा ने 1999 में 6 हजार रुपये के वेतन पर नौकरी शुरू की थी और अब उसका मासिक वेतन लगभग 80 हजार रुपये है। विजिलेंस एसपी सुशांत कुमार बिस्वाल ने बताया कि संपत्ति और अधिक हो सकती है। पूरी जांच के बाद खुलासा किया जाएगा। बेहरा इस समय कंधमाल जिले के बलिगुड़ा स्थिति एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी (आईटीडीए) में पदस्थ हैं।

*कटमनी पर कार्रवाई*

### बंगाल में टीएमसी नेताओं पर फूटा गुस्सा, सिर मुंडवाया

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने के बाद टीएमसी नेताओं के खिलाफ लोगों का गुस्सा सामने आ रहा है। कोलकाता में रविवार को गिरफ्तार टीएमसी पार्षद बप्पादित्य दासगुप्ता को कोर्ट ले जाते समय लोगों ने उनकी गाड़ी पर अंडे फेंके। वहीं, सोशल मीडिया पर दो और वीडियो वायरल हैं। भाजपा ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें पुलिस से बचने के लिए एक नेता साड़ियों के नीचे छिपा मिला। दूसरा में कट मनी वसूल करने वाले एक नेता का लोगों ने पहले सिर मुंडवाया। फिर जूते-चप्पल की माला पहनाकर उसकी परेड निकाली। ये वीडियों शेयर किए हैं।

**जूते की माला पहना कर परेड निकाली**

*अस्पताल में भर्ती थे*

### राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता सलीम का निधन

**कोच्चि (एजेंसी )।** मशहूर अभिनेता सलीम कुमार का निधन हो गया है। वे 56 साल के थे। दुनिया से उनका जाना मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के लिए बड़े झटके जैसा है। एक्टर की तबीयत कुछ समय से ठीक नहीं थी। शनिवार को तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें कोच्चि के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। सलीम कुमार को 2010 में समीक्षकों द्वारा सराही गई फिल्म 'अदमिंते मकान अबू' के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला था। उन्हें चार बार केरल राज्य फिल्म पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका था। उनके बेटे चंदू सलीम कुमार भी एक एक्टर हैं।



*सुरक्षा सहयोग बढ़ाया*

### भारत की मेजर अभिलाषा को मिला यूएन में अवॉर्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की मेजर अभिलाषा बराक को संयुक्त राष्ट्र का 'मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर' अवार्ड से नवाजा गया है। मेजर अभिलाषा इस समय लेबनान में संयुक्त राष्ट्र के मिशन में सेवाएं दे रही हैं। उन्हें लेबनान में अपनी तैनाती के दौरान महिलाओं और लड़कियों के बीच सुरक्षा और सहयोग बढ़ाने के लिए इस 'मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। मेजर अभिलाषा के नाम एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज है। वो सेना की पहली महिला कॉम्बैट हेलीकॉप्टर पायलट भी हैं।



*ट्रेन में सफाई पर एआई की नजर*

### खाने में गंदगी दिखते ही 800 कैमरे करेंगे अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रेलवे खाने की गुणवत्ता और साफ-सफाई पर पहले से ज्यादा सख्ती बरत रहा है। आईआरसीटीसी ने ट्रेनों में परोसे जाने वाले खाने की सफाई और गुणवत्ता पर अब एआई की नजर होगी। आईआरसीटीसी ने देशभर की सैकड़ों रसोइयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है। जिसके तहत देशभर के 800 से ज्यादा बेस किचन में एआई कैमरे लगाए हैं। ये खाने में गंदगी देखते ही अलर्ट करेंगे। इससे किचन की साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा पर बेहतर नियंत्रण रखने में मदद मिल रही है। तय समय के भीतर समस्या का हल नहीं हुआ तो अधिकारियों पर कार्रवाई होगी।

**यात्रियों को बड़ी राहत बढ़िया मिलेगा खाना**

*पिज्जा पहुंचाने के दौरान वारदात*

### अमेरिका में तेलंगाना के युवक के सिर में मारी गोली

**हैदराबाद (भाषा)।** हैदराबाद के 28 वर्षीय युवक की अमेरिका में पिज्जा पहुंचाने के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी। परिजनों को मिली सूचना के अनुसार, यह घटना पांच जून को फिलाडेल्फिया में हुई। युवक का परिवार हैदराबाद के पास गुंडलापोचमपल्ली क्षेत्र में रहता है। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शनिवार देर रात 'एक्स' पर कहा, 'फिलाडेल्फिया, पेंसिल्वेनिया में भारतीय नागरिक अंशुल कुंचा की असामयिक मौत से हम बेहद दुखी हैं। इस कठिन समय में उनके परिवार के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं हैं। दूतावास अंशुल के परिवार के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।'

**भारतीय वाणिज्य दूतावास ने दुख जताया**

# मानसून 12 राज्यों में पहुंचा प्रदेश में आज से चलेगी लू

**नई दिल्ली/हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** मानसून ने रविवार को चार और राज्यों त्रिपुरा, नगालैंड, असम और अरुणाचल प्रदेश को कवर कर लिया है। वहीं, महाराष्ट्र में मानसून केवल दक्षिण कोंकण तक बढ़ा है। इसके चलते 9 जून तक सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी में भारी बारिश हो सकती है।आईएमडी के मुताबिक मानसून के कारण केरलम, कर्नाटक, गोवा और तमिलनाडु में कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। वहीं हरियाणा में अगले तीन दिन लू चलने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में एक बार फिर गर्मी बढ़ने के आसार हैं। इस दौरान पारा 45 डिग्री के पार जा सकता है।

**हरियाणा में पारा पहुंचेगा 45 डिग्री के पार, मौसम अगले 7 दिन उतार–चढ़ाव भरा रहने का अनुमान**

#### मानसून ने 7 राज्य कवर किए

तीन दिन देरी से पहुंचने के बाद मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। 4 दिन के अंदर इसने 7 राज्यों को कवर कर लिया है। शनिवार को मानसून ने आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम और मणिपुर में एंट्री ली। इससे पहले शुक्रवार को कर्नाटक, तमिलनाडु और गोवा में पहुंचा था। केरलम में मानसून 4 जून को पहुंचा था। अगले तीन दिनों में मानसून पूर्वोत्तर के सभी राज्यों और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों तक पहुंच सकता है। अगले 10 दिनों में इसके बिहार, झारखंड और ओडिशा पहुंचने की संभावना है।

## नीट पेपर लीक के बाद सरकारी परीक्षाओं में बदलाव की तैयारी

# एक्सपर्ट्स को भी पता नहीं चलेगा कि किस एग्जाम के प्रश्नपत्र बना रहे

### एनटीए बदलेगा सिस्टम, अलग-अलग विषयों के विशेषज्ञ सवाल तैयार करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट-यूजी 2026 पेपर लीक और सीबीएसई की मार्किंग गड़बड़ियों के बाद केंद्र सरकार परीक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव करने की तैयारी कर रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ऐसा नया सिस्टम बनाने पर काम कर रही है, जिसमें सवाल तैयार करने वाले एक्सपर्ट्स को भी पता नहीं होगा कि वह किस एग्जाम के प्रश्नपत्र बना रहे हैं। नई योजना के तहत अलग-अलग विषयों के एक्सपर्ट्स केवल सवाल तैयार करेंगे। इसके बाद इन सवालों को एक बड़े डिजिटल बैंक में रखा जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक इसमें करीब 10 हजार सवाल हो सकते हैं। बाद में टेक्नीक की मदद से इन सवालों से फाइनल एग्जाम पेपर तैयार होगा। इसकी किसी को खबर नहीं होगी कि किस एग्जाम में क्या प्रश्न आएंगे।

**इन सवालों को एक बड़े डिजिटल बैंक में रखा जाएगा**

#### सरकार जिम्मेदारी से नहीं भाग रही

एक कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नैतिक जिम्मेदारी ली है। मंत्री जिम्मेदारी से नहीं भाग रहे, बल्कि व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार कदम उठा रहे हैं। रिजिजू ने कहा कि लाखों छात्रों को परेशानी हुई। ऐसे मामलों में सरकार की जिम्मेदारी समस्या को ठीक करना है, न कि उससे बचना। उन्होंने भरोसा जताया कि उठाए गए कदम भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने में मदद करेंगे। किसी मंत्री या उसके स्टाफ पर सीधे भ्रष्टाचार, रिश्वत या गलत काम का आरोप हो तो इस्तीफे की मांग जायज होती है, लेकिन नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री पर ऐसा कोई सीधा आरोप नहीं है।



#### यह तैयारी कर रही एनटीए

- एनटीए से जुड़े अधिकारी ने कहा कि हम चाहते हैं कि पूरे प्रश्नपत्र की जानकारी बहुत कम लोगों तक पहुंचे। सिस्टम को लोगों पर नहीं, प्रोसेस पर भरोसा करना चाहिए। पेपर लीक मामले में ट्रांसलेशन करने वालों की गिरफ्तारी के बाद एनटीए ट्रांसलेशन प्रोसेस में भी बदलाव करना चाहती है।
- एजेंसी पहले ही सुप्रीम कोर्ट को बता चुकी है कि वह करीब 85% ट्रांसलेशन का काम एआई से कराने की योजना बना रही है। इसके बाद एक्सपट्र्स सिर्फ यह जांचेंगे कि ट्रांसलेशन सही हुआ या नहीं। अधिकारियों का कहना है कि कोशिश यह भी रहेगी कि ट्रांसलेशन करने वालों को यह जानकारी न हो कि वे किस परीक्षा के सवाल देख रहे हैं।
- एनटीए इस समय 21 जून को होने वाले नीट-यूजी री-टेस्ट की तैयारी भी कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक कुछ बदलाव अभी से लागू किए जा चुके हैं। इसके तहत नए सब्जेट एक्सपट्र्स को जोड़ा गया है। साथ ही पेपर छपने के बाद उसके ट्रांसपोर्ट और स्टोरेज सिस्टम को और सुरक्षित बनाने पर भी काम चल रहा है।

